卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 144 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦1 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# लोक संस्कृति और पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान: धामी

## रंगोत्सव में सीएम धामी ने जमकर उड़ाया गुलाल, फाग के गीतों से कलाकारों ने बांधा समां

काशीपुर। निगम प्रशासन द्वारा आयोजित 'रंगोत्सव' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थानीय नागरिकों के साथ जमकर होली खेली। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार प्रेम एकता और भाईचारे का संदेश देता है। रंगों का यह पर्व आपसी गिले शिकवे भुला कर एक दूसरे को गले लगाने का अवसर होता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता इसी धर्म के सहारे हमें समूचे राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस रंगोत्सव में मिनी इंडिया की झलक नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि यह






सिर्फ नाच गाने और रंग लगाने का त्यौहार नहीं बल्कि सबको मिलाने का पर्व है। यह पर्व सामाजिक ताने बाने को और मजबूती और सम्बंधों को गहराई देने वाला पर्व है। यह पर्व हमें यह भी याद दिलाता है कि जीवन की सच्ची खुशियां अगर किसी में है तो अपनापन बढ़ाने में हैं। सीएम ने कहा कि यदि हम ही हम हैं तो क्या हम हैं, हम भी हैं तुम भी हो, तब जीवन सार्थक है। सीएम ने कहा कि जैसे उत्तराखंड की लोक संस्कृति परंपरा व पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इसी तरह होली हमारी संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। हम कई बार आपस में वैचारिक भिन्नताओं के कारण अलग-अलग भी हो जाते हैं लेकिन होली हमें आपस में मिलाने का काम करती है। यह एकता समरता और संगठन का प्रतीक है। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी परंपराएं सांस्कृतिक धरोहर को लगातार आगे बढ़ाने का काम हो रहा है। आज पूरी दुनिया भारत का यशगान कर रही है तो उसके पीछे भारत की सांस्कृतिक विरासत है। जो लगातार आगे बढ़ रही है। ऐसे समय में हम सबकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि (शेष पृष्ठ सात पर)

# धोखे से बुलाकर व्यापारी पर किया जानलेवा हमला


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शनिवार की रात्रि किच्छा रोड़ पर दूधिया मंदिर के पास फोन कर एक दुकानदार को बुलवाने के बाद पहुंचे उसके परिजनों पर कुछ युवकों ने लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना में दूसरे पक्ष के कुछ लोग भी घायल हो गये। सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। एक पक्ष द्वारा बताया गया कि उन्हें रात्रि में फोन आया कि कुछ लड़के उनकी दुकान का चैनल तोड़ रहे हैं। जानकारी मिलने पर पहाड़गंज निवासी उसके रिश्तेदार मौके पर गये तो वहां कुछ नहीं था। बताया गया कि कुछ देर(शेष पृष्ठ सात पर)



# हाथी से टकराई बाइक,दो भाइयों की मौत


## हादसे के बाद कोहराम, फेरी लगाकर जीविकोपार्जन करते थे मृतक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी-रुद्रपुर हाईवे पर टांडा जंगल के हाथी कॉरिडोर में शनिवार की देर शाम दर्दनाक हादसा हो गया। हाथी से दोपहिया वाहन की टक्कर होने के बाद अनियंत्रित होकर गिरे रिश्ते के दो भाइयों की मौत हो गई। एक भाई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे भाई ने बरेली ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। रविवार को पुलिस ने सुशीला तिवारी अस्पताल की मोर्चरी में दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के अनुसार, मूल रूप से कटरा शाहजहांपुर के निवासी और वर्तमान में बनभूलपुरा की गफूर बस्ती में रह रहे 26 वर्षीय शकील और 28 वर्षीय जाफर शनिवार की शाम दोपहिया वाहन से हल्द्वानी से रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। बेलबाबा से कुछ आगे टांडा रोड स्थित हाथी कॉरिडोर में अचानक उनके वाहन के आगे हाथी आ गया, जिससे मोपेट अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक शकील के सिर में गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि पीछे बैठे जाफर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने शकील को मृत घोषित कर दिया। जाफर की नाजुक हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर बरेली रेफर किया गया, लेकिन उसने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। स्वजन बरेली से शव वापस सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर आए। मोर्चरी पहुंचे परिचितों ने बताया कि दोनों रिश्ते में भाई थे और हल्द्वानी में रहकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी व कपड़ों की फेरी लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं,जिसे शाहजहांपुर ले जाया जाएगा।



# भूसे के ट्रक में घुसी डीसीएम,चालक गंभीर

गदरपुर। गदरपुर क्षेत्र में हाईवे पर मोतीपुर के पास देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। किराने का सामान लेकर आ रही एक डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े भूसे से लदे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। डीसीएम में किराने का सामान लदा हुआ था, जिसे गदरपुर स्थित लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट पर उतारा जाना था। भूसे से लदा ट्रक पहले से ही सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम सीधे ट्रक में जा घुसी। हादसे का कारण चालक की लापरवाही या संभवतः झपकी आना बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल चालक को अस्पताल भिजवाया। हादसे के चलते कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।



# रंजिशन युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर रोड स्थित लोक विहार कॉलोनी के पास पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक पर पिस्तौल से कई राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली युवक के पेट में जा लगी। घायल युवक को गंभीर हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया है। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रीत विहार कॉलोनी फाजलपुर महरौला निवासी जितेन्द्र पुत्र नरेन्द्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम लगभग 7:30 बजे उनका भाई रवि दिवाकर अपने मित्र संजू के चाय के खोखे पर बैठा था। इसी दौरान डिबडिबा बिलासपुर निवासी सन्नीया, प्रवीण सिंह सोडी, प्रथम सोडी, अक्षय, प्रीत विहार निवासी सोनू जुड़ी और रम्पुरा निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)



# मेरा खटीमा आना ,कुछ लोगों को अखर जाता है

## होली मिलन समारोह के दौरान लोगों के दिलों को छू कर चले गए पुष्कर धामी

खटीमा। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान चुटकी भरे अंदाज में कहा, "मैं खटीमा आता रहता हूं-महीने में चार बार भी आ जाता हूं। पहले कुछ लोगों को मेरे आने से परेशानी हो जाती थी बुरा न मानो, होली है।" उन्होंने आगे कहा कि अब वे इस बात की चिंता नहीं करते, बल्कि उन्हें खटीमा के लोगों की चिंता रहती है। "कुछ लोगों को मेरा यहां आना अखर जाता है, लेकिन उनसे ज्यादा मुझे यहां आना अच्छा लगता है।" मुख्यमंत्री ने भले ही यह बात मजाकिया अंदाज में कही हो, लेकिन लोगों ने इसके कई मायने निकाले। उनके संबोधन से साफ झलक रहा था कि उन्हें खटीमा से विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि खटीमा का विकास उनकी प्राथमिकता है और जब तक खटीमा जैसे शहरों का विकास नहीं होगा, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है।होली के त्योहार के साथ प्रदेश में चुनावी रंग भी चढ़ने लगा है। मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र और उनकी कर्मभूमि कही जाने वाली खटीमा विधानसभा को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। यह कयास भी लगाए जा रहे हैं कि यदि धामी किसी अन्य सीट से चुनाव लड़ते हैं तो खटीमा से उम्मीदवार कौन होगा। हालांकि, होली मिलन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि खटीमा विधानसभा उनके लिए आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें देखकर कुछ लोग छिप जाते हैं, लेकिन "बुरा न मानो, होली है" कहकर उन्होंने बात को हल्के अंदाज में टाल दिया।समारोह के दौरान उन्होंने भीड़ में मौजूद कई लोगों को मंच से नाम लेकर पुकारा। 1990 के दशक के खटीमा को याद करते हुए उन्होंने शहर की गलियों और प्रतिष्ठानों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि (शेष पृष्ठ 7 पर)



# विकास कार्यों में बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही: सीएम

## सीएम ने हल्द्वानी में की कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा,मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम करें

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को एफटीआई सभागार हल्द्वानी में कानून व्यवस्था एवं जनपद में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी कार्य समयबद्ध पारदर्शी एवं समन्वय के साथ पूरे किए जाएं।मुख्यमंत्री ने मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आधुनिक तकनीक के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने सभी संवेदनशील स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए जाने सोलर फेंसिंग व तारबाड़ प्रणाली को मजबूत करने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को ठोस एवं कारगर उपाय अपनाने के लिए कहा ताकि जनहानि और फसलों को होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। वनाग्नि की रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री ने फायर लाइन को दुरुस्त रखने संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने रेंजवार मॉनिटरिंग करने और जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वनाग्नि की किसी भी घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हल्द्वानी शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्य आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं



अत: निर्माण कार्यों के दौरान जनता को अनावश्यक असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और जवाबदेही के साथ करें। कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग आपसी जिम्मेदारियों को एक दूसरे पर न डालें और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हों।मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन तथा सभी विभागों को आमजन के प्रति संवेदनशील उत्तरदायी और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि रानीबाग स्थित बंद पड़ी एचएमटी फैक्ट्री की भूमि पर सरकार द्वारा आईटी हब विकसित करने की योजना पर कार्यवाही गतिमान है। इससे क्षेत्र में रोजगार सृजन एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने हल्द्वानी नगर के बच्चीनगर सहित अन्य क्षेत्रों में सिंचाई विभाग की नहरों के चौड़ीकरण एवं मरम्मत संबंधी प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। सांसद अजय भट्ट ने वन क्षेत्रों में वाचरों की संख्या बढ़ाने झाड़ियों की कटान करने तथा वन आच्छादित क्षेत्रों से गुजरने वाले मार्गों की नियमित सफाई एवं मरम्मत कराने का सुझाव दिया। सचिव आयुक्त दीपक रावत ने कुमाऊँ मंडल में कानून व्यवस्था ओवरलोडिंग के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई तथा अन्य प्रशासनिक कदमों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। पनियाली क्षेत्र में नियमित गश्त की जा रही है तथा ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से वन क्षेत्र में न जाने की सलाह दी गई है। पशुपालकों को चारा उपलब्ध कराने के लिए विधानसभा क्षेत्र भीमताल के विभिन्न गांवों में 15 लाख रुपये की धनराशि पूर्व में उपलब्ध कराई गई है। इसी प्रकार पनियाली क्षेत्र में भी 15 लाख रुपये स्वीकृत कर वितरित किए जा रहे हैं ताकि महिलाओं एवं पशुपालकों को चारा लेने के लिए जंगल न जाना पड़े। वन संरक्षक सी. एस. जोशी ने अवगत कराया कि पनियाली क्षेत्र में कैमरों में लैपर्ड नहीं बल्कि बाघ की पहचान हुई है जिसे पकड़ने की कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ की जा रही है।बैठक में जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के मंडल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क पर निर्माण सामग्री डालने पर 10 हजार का काटा चालान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने शनिवार प्रात:कालीन भ्रमण के दौरान हल्द्वानी में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के समीप सड़क पर भवन निर्माण सामग्री (रेता) देख नाराजगी जताई। कमिश्नर ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल उक्त सामग्री को सीज करने के निर्देश दिए और मौके पर ही 10 हजार रुपये का चालान कटवाया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़क मार्ग पर निर्माण सामग्री पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।भ्रमण के दौरान रोडवेज



स्टेशन पर कमर्शियल टैक्सियों द्वारा सड़क मार्ग अवरुद्ध किए जाने पर भी आयुक्त ने कड़ा संज्ञान लिया। उन्होंने आरटीओ और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नैनीताल रोड पर निर्धारित टैक्सी स्टैंड के अलावा अन्य किसी स्थान से सवारियां बैठाने वाली टैक्सियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सभी कमर्शियल टैक्सियां अपने तयशुदा स्टैंड पर ही खड़ी हों।इसके साथ ही कुमाऊं आयुक्त ने सभी कार्यदाई संस्थाओं को भी कड़े निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में गतिमान किसी भी निर्माण कार्य की सामग्री सड़क पर न डाली जाए। सामग्री को व्यवस्थित रूप से सुरक्षित स्थान पर रखा जाए ताकि आम नागरिकों और यातायात को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## स्काईलार्क सिग्नेचर कॉलोनी में वृक्षारोपण के साथ निर्माण कार्य शुरू

गदरपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 बाईपास स्थित काशीपुर रोड पर महतोष पुलिस चौकी से आगे प्रस्तावित स्काईलार्क सिग्नेचर कॉलोनी का निर्माण कार्य पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ शुरू किया गया। कॉलोनी के एमडी अतुल गुप्ता ने बताया कि निर्माण कार्य से पूर्व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 500 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।इस अवसर पर फलदार, छायादार



और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। एमडी अतुल गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण में अपने योगदान को रेखांकित करते हुए अन्य नागरिकों से भी अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर पौधों का रोपण करें और उनकी उचित देखभाल का संकल्प लें।वृक्षारोपण कार्यक्रम में सिग्नेचर के चेयरमैन अर्जुन गुप्ता, महाप्रबंधक अर्जुन ठक्कर, सेल्स मैनेजर कमलदीप सिंह, मोहनखेड़ा, पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुड्डी, आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल गगनेजा, पब्लिक हेल्प सोसाइटी अध्यक्ष मोहित अरोड़ा चेरी, जिपं सदस्य सिल्की खेड़ा, विजय छाबड़ा, अशोक कुमार, अशोक बाटला, हिमांशु शुक्ला, नरेंद्र सिंह ग्रोवर, दीक्षा, मीना, रति के अलावा माली बलराम एवं राकेश सहित अन्य लोगों ने भरपूर सहयोग किया।

## पुलिस भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित, चिकित्सा परीक्षण 02 मार्च से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पुलिस विभाग में आरक्षी जनपदीय पुलिस और आरक्षी पीएसी/आईआरबी के कुल 2000 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आयोजित परीक्षा का चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है। आयोग द्वारा 27 फरवरी 2026 को जारी परिणाम के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों का चिकित्सा और स्वास्थ्य परीक्षण 02 मार्च 2026 से संबंधित जनपदों में शुरू होगा।जनपद ऊधमसिंहनगर और 46वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर से आवेदन करने वाले कुल 154 सफल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। इन अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण निर्धारित तिथियों में प्रात: 07:30 बजे पुलिस लाइन रुद्रपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में जनपदीय चिकित्सा बोर्ड द्वारा संपन्न कराया जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार 02 मार्च 2026 को क्रम संख्या 01 से 100 तक के कुल 100 अभ्यर्थी और 05 मार्च 2026 को क्रम संख्या 101 से 154 तक के शेष 54 अभ्यर्थी परीक्षण हेतु उपस्थित होंगे।अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र, चार पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे। चिकित्सा परीक्षण के संबंध में किसी भी अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 059442-42525 पर संपर्क कर सकते हैं। यह चयन प्रक्रिया शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षा के उपरान्त अंतिम रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है।

## कृषि पट्टे की भूमि पर बनाया होटल जमीन की जब्त करने के आदेश

नैनीताल (उद संवाददाता)। जनपद में कृषि प्रयोजन हेतु आवंटित पट्टे की भूमि का व्यावसायिक उपयोग किए जाने के मामले में जिला मजिस्ट्रेट ललित मोहन रयाल ने कड़ी कार्रवाई की है। जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल की न्यायालय द्वारा शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर सूर्या गांव, पट्टी चोपड़ा स्थित 0.220 हेक्टेयर भूमि को तत्काल प्रभाव से राज्य सरकार में निहित करने के आदेश पारित किए गए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोपाल सिंह, केशर सिंह तथा उदुली देवी को श्रेणी-5 व श्रेणी-7(क) के अंतर्गत उक्त भूमि केवल कृषि कार्य के लिए आवंटित की गई थी। जांच में खुलासा हुआ कि भूमि का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप न कर उसे विकास किरोला के पक्ष में लीज पर दे दिया गया था। उक्त भूमि पर नियमों के विरुद्ध होटल/रिसोर्ट का निर्माण कर उसका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा था।राजस्व अभिलेखों और स्थलीय निरीक्षण में इस गंभीर अनियमितता की पुष्टि होने के बाद जिलाधिकारी नैनीताल ने सख्त रुख अपनाते हुए भूमि को सरकारी घोषित कर दिया है। इसके साथ ही परगना अधिकारी नैनीताल को निर्देशित किया गया है कि वे नियमानुसार भूमि का विधिवत कब्जा प्राप्त कर शीघ्र अपनी रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करें।

## छात्रा से दुष्कर्म करने वाला सुरक्षा कर्मी गिरफ्तार

पंतनगर ( उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर में कक्षा पांच में पढ़ने वाली 12 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म के मामले पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी पंत विवि में कार्यरत सुरक्षाकर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि सुरक्षाकर्मी छात्रा को बहला फुसलाकर अपने साथ सरकारी आवास के एक खंडहर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को पीड़िता का मेडिकल कराया गया और मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज करवाए।आज आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। जानकारी के अनुसार पंतनगर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम उनकी कक्षा पांच में पढ़ने वाली बेटी घर के बाहर आंगन में खेल रही थी। तभी पंतनगर विवि का सुरक्षा कर्मी जंग बहादुर नशे की हालत में आया और उसे अकेला देखकर बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। आरोपी ने एक खंडहर में उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच लोगों ने आरोपी को देख लिया और सुरक्षा विभाग को सूचना दी। सुरक्षा कर्मियों ने घटना की जानकारी पंतनगर पुलिस को दी और छात्रा को उसके चंगुल से छुड़ाया। पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही आरोपी फरार हो गया। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के पश्चात से विश्वविद्यालय परिसर में लोगों का सुरक्षा कर्मियों पर से विश्वास डगमगाने लगा है।

## भाजपा किसान मोर्चा ने घोषित की जिला कार्यकारिणी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी जिला ऊधम सिंह नगर के जिलाध्यक्ष कमल कुमार जिंदल की सहमति एवं प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी से परामर्श के उपरांत जिला किसान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की गई है। नई कार्यकारिणी में हरीश भट्ट, ज्ञान सिंह चौहान, करमजीत सिंह और अमनदीप सिंह विर्क को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। ईश्वरी दत्त पाण्डेय और अतेन्द्र सिंह भुल्लर को जिला महामंत्री बनाया गया है।संगठन के विस्तार में मनोज मिस्त्री, हर्ष बहादुर सामंत बॉबी, धीरज सिंह और आनंद भंडारी को जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। अंकित सिंह को जिला कोषाध्यक्ष, मोहन पाण्डेय को जिला कार्यालय मंत्री, अमरीक कालरा को जिला मीडिया संयोजक और जगसोरन को जिला मीडिया सहसंयोजक का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा राज सिंह परगाई को जिला सोशल मीडिया संयोजक, मनोज ठाकुर को जिला सोशल मीडिया सहसंयोजक, धनजय सिंह को जिला आईटी संयोजक और रघुनाथ सिंह को जिला आईटी सहसंयोजक मनोनीत किया गया है। सुदेश सिंह को प्राकृतिक खेती संयोजक तथा सिमरन कौर को नीति एवं अनुसंधान की जिम्मेदारी दी गई है।

## एस्कॉर्ट फार्म भूमि मामले में अब 7 मार्च को होगी सुनवाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा जनपद ऊधमसिंहनगर की तहसील काशीपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित एस्कॉर्ट फार्म भूमि से संबंधित विभिन्न रिट याचिकाओं में सुनवाई करते हुए आदेश पारित किए गए हैं। याचिकाओं का निपटारा करते हुए याचिकाकर्ताओं को भूमि आवंटन के लिए लागू प्रावधान में संशोधन हेतु जिला मजिस्ट्रेट ऊधम सिंह नगर को अलग से आवेदन करने की स्वतंत्रता दी गई है। न्यायालय के निर्देशानुसार यदि दो सप्ताह के भीतर आवेदन किया जाता है तो जिला मजिस्ट्रेट मामले की जांच करेंगे और आठ सप्ताह के भीतर उचित आदेश पारित करेंगे। इस प्रक्रिया में अन्य हितधारकों को भी सुना जाएगा।जिलाधिकारी ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदनों पर सुनवाई हेतु पहले 28 फरवरी 2026 की तिथि निर्धारित थी जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। अब इस मामले की अग्रिम सुनवाई 07 मार्च 2026 को समय अपरान्ह 03 बजे नियत की गयी है। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधितों से अपील की है कि वे नियत तिथि व समय पर प्रकरण के संबंध में समस्त अभिलेखों एवं साक्ष्यों सहित जिला कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## होली पर हुड़दंग और सड़क हादसों को रोकने के लिए अभियान चलाकर होगी कार्रवाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं कमिश्नर और मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने होली के त्योहार के दौरान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मंडल के सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार के समय वाहनों का आवागमन बढ़ जाता है, जिससे मदिरा का सेवन कर वाहन चलाने, ओवरलोडिंग और ओवर स्पीडिंग की संभावनाएं अधिक रहती हैं।श्री रावत ने निर्देश दिए हैं कि सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जनपद स्तर पर पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाए। उन्होंने विशेष रूप से चिन्हित किया कि सड़क मार्गों के किनारे अनियंत्रित रूप से पड़ी निर्माण सामग्री दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनती है। कमिश्नर ने आदेश दिया है कि सड़कों पर पड़ी ऐसी सामग्री को तुरंत हटाया जाए और संबंधित व्यक्तियों को चिन्हित कर पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंडल में कानून व्यवस्था और यातायात सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क मोड पर है।



# जिला पंचायत बोर्ड बैठक में अधिकारियों की गैरहाजिरी पर भड़के सदस्य

## स्कूल, बिजली, पेयजल व भू-कटाव की समस्याओं पर हुई तीखी चर्चा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला पंचायत सभागार में शनिवार को आयोजित बोर्ड बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर सदस्यों ने जोरदार आवाज उठाई। बैठक के दौरान कई प्रमुख विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने कड़ी नाराजगी जताई और गैरहाजिर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बैठक निर्धारित समय सुबह 11 बजे शुरू हुई। अपर मुख्य अधिकारी गणेश कुमार भट्ट ने एजेंडा प्रस्तुत किया, जिसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्याने बैठक की औपचारिक शुरुआत की। कार्यवाही के दौरान सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की ज्वलंत समस्याओं को विस्तार से रखा। सदस्यों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की जर्जर हालत चिंता का विषय बनी हुई है। कई विद्यालयों में भवन मरम्मत, शौचालय, फर्नीचर और बिजली कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसके अलावा पेयजल लाइनों की खराब स्थिति और लगातार हो रहे भू-कटाव से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्यों ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक में यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठा कि कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिससे समस्याओं पर ठोस निर्णय लेने में बाधा आई। सदस्यों ने कहा कि जब संबंधित अधिकारी ही उपस्थित नहीं होंगे तो जनता की समस्याओं का समाधान कैसे संभव होगा। इस पर गैरहाजिर अधिकारियों को नोटिस जारी करने की मांग की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्याने सदस्यों को आश्वस्त किया कि अगली बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी बिना सूचना के अनुपस्थित रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, प्रोटेक्शन अधिकारी, डीपीआरओ, मंडी निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने विभागों से संबंधित जानकारी दी। अंत में अध्यक्ष ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपनी समस्याएं लिखित रूप में उपलब्ध कराएं, ताकि प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान कराया जा सके। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जनहित के मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई और यह स्पष्ट हुआ कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विभागीय समन्वय और जवाबदेही बेहद आवश्यक है।



## जिपं अध्यक्ष ने दिया बोर्ड बैठक में उठे मुद्दों के निस्तारण का भरोसा

### गैरहाजिर अधिकारियों को नोटिस के निर्देश

रुद्रपुर। जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर की हालिया बोर्ड बैठक में सदस्यों द्वारा उठाई गई विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है। अध्यक्ष अजय मौर्य ने स्पष्ट कहा कि बैठक में रखे गए सभी प्रस्तावों और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। बैठक के दौरान कई विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए अध्यक्ष ने अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश दिए कि बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या लीपापोती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अध्यक्ष मौर्य ने सभी संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें फील्ड में जाकर धरातल पर काम करना होगा और जनता से जुड़े मुद्दों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जो समस्याएं सामने आती हैं, उनका समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं, विकास योजनाओं की प्रगति और विभागीय समन्वय को लेकर भी चर्चा की गई। सदस्यों ने अपेक्षा जताई कि आगामी बैठकों में सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे, ताकि निर्णय प्रक्रिया प्रभावी और पारदर्शी बन सके।



# अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका का चला डंडा

रामनगर (उद संवाददाता)। शनिवार को नगर पालिका प्रशासन ने रामनगर के विभिन्न इलाकों में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए कई अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त करने की कार्रवाई की। पालिका द्वारा चलाए गए इस औचक अभियान से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और कई लोग अपना सामान समेटकर भागते हुए नजर आए। अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी रामनगर गोपाल सिंह चौहान के निर्देश पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई है।अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पालिका टीम द्वारा नगर पालिका के समीप अस्पताल को जाने वाली सड़क एवं रानीखेत रोड पर विशेष रूप से अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क बाधित कर रहे कई अतिक्रमणकारियों का सामान और हाथ ठेली जब्त की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अतिक्रमण के खिलाफ पालिका का यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि जिन लोगों ने सड़क पर अवैध रूप से कब्जा किया है वह स्वयं उसे हटा लें अन्यथा नगर पालिका प्रशासन द्वारा उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# रंजिशन घर में घुसकर हमला,जेवर छीने

## अदालत के आदेश पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर ट्रांजिट कैंप पुलिस ने एक ही परिवार के आठ लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, जानलेवा हमला और लूटपाट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई शिवनगर निवासी विष्णु की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर हुई है। वार्ड नंबर 8 शिवनगर निवासी विष्णु ने अदालत में धारा 175(3) बीएनएसएस के तहत प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले सुभाष, अरुण, चंद्रवती, ज्योति, अजय, ममता, अरुण पुत्र सुरेश और रविना उनके पुराने गांव सोरेगेट कासगंज के समय से ही रंजिश रखते हैं। आरोप है कि 9 जनवरी 2026 की शाम लगभग 7 बजे जब विष्णु का परिचित रोहित उनसे मिलने आया था, तभी आरोपी अरुण वहां पहुंचकर रोहित से पैसे मांगने लगा। विवाद होने पर जब विष्णु ने उन्हें घर से बाहर जाने को कहा, तो आरोपी तैश में आ गए। कुछ देर बाद सभी आठों आरोपी लामबंद होकर विष्णु के घर में घुस आए और उनके साथ मारपीट करते हुए उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने विष्णु की पत्नी के साथ बर्बरतापूर्ण मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि महिला के बाल पकड़कर उसे नीचे गिराया गया और अरुण, अजय व सुभाष ने धारदार हथियार से जान से मारने की नियत से उसके चेहरे और गर्दन पर हमला कर दिया। इस दौरान चंद्रवती ने पीड़िता के सोने के टॉप्स और नाक की कील भी जबरन छीन ली। शोर सुनकर आसपास के लोगों और सोनम व कविता के बीच बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। अदालत के आदेश पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।

# छह मार्च से शुरू होगा चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन नि:शुल्क पंजीकरण

देहरादून। चारधाम यात्रा को लेकर सरकारी विभाग तैयारियों में जुट गए हैं। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का काम छह मार्च से शुरू होगा। अभी ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होगा। चारधाम यात्रा में पंजीकरण का कार्य छह मार्च से शुरू होगा। इसके अलावा पंजीकरण का कोई भी शुल्क नहीं लगेगा। चारधाम यात्रा के तहत केदारनाथ धाम में 22 अप्रैल और बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलने की घोषणा हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट परंपरागत तौर पर अक्षय तृतीय के दिन खुलते हैं, अक्षय तृतीय 19 अप्रैल को है। हालांकि अभी कपाट खुलने की घोषणा होना बाकी है। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सरकारी विभाग भी तैयारियों में जुट गए हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इसके मद्देनजर बैठक भी हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने चारधाम यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया है। सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का काम छह मार्च से शुरू होगा। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि अभी ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होगा। यात्रा शुरू होने के साथ ही ऑफलाइन पंजीकरण की भी व्यवस्था की जाएगी। आयुक्त पांडेय ने बताया कि पंजीकरण शुल्क का प्रस्ताव भेजा गया था, पर इस पर सहमति नहीं बनी है। कोई भी पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# भगवती बिष्ट महानगर अध्यक्ष व रुदल सूचना संपर्क प्रमुख बने

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, जनपद उधम सिंह नगर की एक बैठक कल्याण सिंह के निवास पर संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य संगठन की गतिविधियों को गति प्रदान करना एवं महानगर रुद्रपुर की कार्यकारिणी का विस्तार करना था। बैठक में सर्वसम्मति से श्रीमती भगवती बिष्ट जी को महानगर अध्यक्ष, रुद्रपुर तथा रुदल कुमार को सूचना एवं संपर्क प्रमुख, महानगर रुद्रपुर घोषित किया गया। कार्यकर्ताओं ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।बैठक के दौरान संगठन की रीति नीति, उद्देश्य एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को ग्राहक अधिकारों की रक्षा, जनजागरण एवं संगठन विस्तार के प्रति कर्तव्य बोध का संदेश दिया गया।इस अवसर पर कल्याण सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत केवल एक संगठन नहीं, बल्कि यह जागरूकता और उत्तरदायित्व की एक सशक्त धारा है। जब ग्राहक जागरूक होगा, तभी समाज में पारदर्शिता और न्याय की स्थापना संभव होगी। हमें निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव से संगठन के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना है।बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ. हेमंत सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र गंगवार, जिला सचिवअशोक गांवड़ी, श्रीमती सुभाषिनी द्विवेदी, रुदल कुमार, पंकज गांवड़ी, नितिन, चन्द्र मोहन गावड़ी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# औचक निरीक्षण कर लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त एवं सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड तथा जिलाधिकारी के आदेशानुसार होली एवं रमजान के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जनपद नैनीताल में सघन खाद्य सुरक्षा अभियान चलाया गया। उपायुक्त कुमाऊँ मण्डल, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में हल्द्वानी क्षेत्र में सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा नैनीताल के नेतृत्व में 16 खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मावा का 01 नमूना एवं मैदा का 01 नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया।वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हल्द्वानी अभय कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि हल्द्वानी क्षेत्र में भी खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा 01 नमूना मावा, 01 नमूना मिठाई, एक नमूना मैदा एवं 01 नमूना मठरी के संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए।अभियान के दौरान जनपद नैनीताल से कुल 09 नमूने संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किए गए।निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने, कालातीत (एक्सपायरी) खाद्य सामग्री का विक्रय न करने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। कालातीत खाद्य सामग्री विक्रय की शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं नियम-विनियम 2011 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के प्रति जागरूक किया गया तथा किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर 18001804246 पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अभियान दल में अजब सिंह रावत, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा नैनीताल, अभय कुमार सिंह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनगर असलम खाँ तथा नन्दकिशोर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हल्द्वानी ग्रामीण सम्मिलित रहे। उन्होंने बताया कि त्योहारी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई जनपद में लगातार जारी रहेगी।



# आजाद नगर पथराव मामले में मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 7 आजाद नगर में कुत्तों को पीटने का विरोध करने पर दबंगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया था और घर पर पथराव करते हुए वाहनों में तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिव नगर निवासी कमल मंडल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 फरवरी की रात लगभग 10 बजे वह अपने घर पर थे। तभी पड़ोस में रहने वाली सपना राय के पालतू कुत्ते घर के सामने से गुजर रहे 8-10 लड़कों पर भौंकने लगे। इस पर लड़कों ने कुत्तों को पीटना शुरू कर दिया। जब सपना राय और उनके परिवार ने इसका विरोध किया तो आरोपी गाली गलौज करने लगे। शोर सुनकर जब कमल मंडल बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपी अंकित उर्फ गट्टी ईंट लेकर उन पर झपट पड़ा। देखते ही देखते अंकित और उसके साथियों सिप्पी, पुलपुलिया उदय और वंशु उर्फ बोरा ने मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आई कमल की पत्नी बसंती, पुत्री पूजा और मां सुंदरी के साथ भी अभद्रता की गई जिसमें उनकी पुत्री पूजा घायल हो गई। डर के मारे परिवार ने खुद को घर के अंदर बंद कर लिया और पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि करीब आधे घंटे तक बदमाश घर के दरवाजे पर ईंट पत्थरों से हमला करते रहे। जाते-जाते आरोपियों ने घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा और स्कूटी को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने घटना की रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी है। पुलिस ने तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया है।

# सीएम ने किया देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

## हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को लगा सर्वाइकल कैंसर का टीका

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज से वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज में स्थापित एचपीवी टीकाकरण कक्ष का भी निरीक्षण किया तथा एचपीवी टीकाकरण हेतु आई 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं से भी वार्ता की एवं उन्हें इस टीके के लाभ के बारे में अवगत कराया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह अभियान स्वास्थ्य कार्यक्रम होने के साथ मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण के इस अभियान की शुरुआत करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सिद्ध कर दिया है कि उनके लिए नारी सम्मान और सुरक्षा केवल नारा नहीं, बल्कि अटल संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर मातृशक्ति के स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। भारत में इस गंभीर बीमारी से वर्ष 2024 में ही 78 हजार से अधिक मामले सामने आए, जिसके कारण 42 हजार से अधिक महिलाओं की दुःखद मृत्यु हुई। यह बीमारी हजारों परिवारों के लिए पीड़ा का कारण बन रही है। इसी गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया, ताकि इस बीमारी की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके और आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान के अजमेर से प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान के अंतर्गत देशभर में 14 वर्ष की लगभग 1 करोड़ 15 लाख से अधिक किशोरियों को मुफ्त एचपीवी वैक्सीन दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में भी इस अभियान के प्रथम चरण में 155 केंद्रों पर व्यापक स्तर पर टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अभियान की सफलता के लिए डॉक्टरों, नर्सों, एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है ताकि कोल्ड चेन व्यवस्था मजबूत हो। मुख्यमंत्री ने अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश के सभी फ्रंटलाइन हेल्थ वॉरियर्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है और उसे प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। पहले जहाँ देश में 387 मेडिकल कॉलेज थे, आज वे बढ़कर 819 हो गए हैं। आज मेडिकल छात्रों की संख्या में डेढ़ गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में 23 नए एम्स बनाकर देश के मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का आधुनिकीकरण कर उन्हें बेहतर सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। टेलीमेडिसिन सेवाओं के माध्यम से दूरदराज के गाँवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए भी निरंतर कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री ने अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रम में न आएँ और अपनी बेटियों का एचपीवी टीकाकरण अवश्य करवाएँ। यह केवल एक टीका नहीं, बल्कि उनके स्वस्थ जीवन का सुरक्षा कवच है। मुख्यमंत्री ने सभी शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला समूहों, धार्मिक और सामाजिक संगठनों से भी अपील करते हुए कहा कि वे इस अभियान के प्रति समाज में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का कार्य करें और आगामी तीन महीनों में यह सुनिश्चित करने का प्रयास करें कि कोई भी बालिका इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने भी संबोधित करते हुए इस राष्ट्रव्यापी अभियान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, विधायक राम सिंह कैड़ा, विधायक सरिता आर्या, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, नवीन लाल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी.सी. एवं अन्य लोग मौजूद रहे।




# समस्त थानों में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित

## पुलिस प्रशासन ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में आगामी होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थाना और कोतवाली क्षेत्रों में पीस कमेटी एवं अमन कमेटी की बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में रमजान माह के दृष्टिगत आपसी सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस प्रशासन ने सभी वर्ग, धर्म एवं समुदाय के लोगों से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।कोतवाली सितारगंज में क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें तहसील प्रशासन, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में होली के दौरान संभावित व्यवस्थाओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी क्रम में बाजार चौकी खटीमा में रमजान और होली के मद्देनजर अमन चौन की बैठक कर शांति बनाए रखने की अपील की गई। थाना पुलभट्टा में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों ने आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया। कोतवाली ट्रांजिट कैंप में भी अमन कमेटी की बैठक कर कानून व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए गए।कोतवाली जसपुर में उपजिलाधिकारी राहुल साह की अध्यक्षता में हुई बैठक में होली पर्व के दौरान आने वाली समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की गई। प्रशासन ने समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। वहीं कोतवाली काशीपुर में सीएलजी की बैठक में सभी समुदायों के साथ शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने पर सहमति बनी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।आमजन से अपील की गई है कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और किसी पर जबरदस्ती रंग न डालें। साथ ही महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी गई है। बैठकों में पुलिस ने नागरिकों से होली पर्व को प्रेम और आपसी सद्भाव के साथ मनाने का आहवान किया।





# अल्मोड़ा मैग्नेसाइट उद्योग को मिली संचालन की अनुमति

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा स्थित मैग्नेसाइट उद्योग को उच्च न्यायालय से चार माह के लिए पुनः संचालन की अनुमति प्राप्त हो गई है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से जुड़े लगभग 500 परिवारों के करीब 2000 लोगों को राहत एवं संतोष मिला है। लंबे समय से उद्योग बंद होने के कारण प्रभावित परिवारों के समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया था।राज्य सरकार के सतत प्रयासों के फलस्वरूप उद्योग द्वारा उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संचालन की सहमति प्राप्त किया गया। इसके उपरांत उच्च न्यायालय ने उद्योग एवं उससे जुड़े श्रमिकों और परिवारों के व्यापक हित को दृष्टिगत रखते हुए पुनः संचालन की अनुमति प्रदान की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों के संरक्षण पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन और स्थानीय रोजगार सृजन तीनों के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड में विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए सरकार हर स्तर पर सकारात्मक पहल कर रही है।

SAHAS Homoeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# सीपीएस किड्स स्कूल में वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सीपीएस किड्स स्कूल त्रिलोक नगर में वार्षिक पुरस्कार समारोह धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के पार्षद मुकुल बल्यूटिया उपस्थित रहे। विद्यालय की संस्थापक सुषमा जोशी एवं प्रधानाचार्या पूजा जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। नर्सरी से कक्षा पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य और लघु नाटिका की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें अभिभावकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि मुकुल बल्यूटिया ने विद्यार्थियों को अनुशासन व परिश्रम का संदेश देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षकों व अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।समारोह के अंत में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।



# जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजुनाथ टीसी के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना काठगोदाम पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने महज कुछ ही घंटों के भीतर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को नारायण सिंह धामी निवासी आवास विकास कालोनी, हल्द्वानी द्वारा थाना काठगोदाम में तहरीर दी गई कि अज्ञात नामित व्यक्तियों द्वारा उनके पुत्र पर चम्बल पुल के पास धारदार हथियार से गले पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। तहरीर के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना काठगोदाम में अभियोग पंजीकृत किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी द्वारा एसपी मनोज कुमार कत्याल एवं सीओ हल्द्वानी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल कुमार मिश्रा द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित साक्ष्य संकलन और मुखबिर की सूचना पर दबिश देते हुए घटना में शामिल तीनों अभियुक्तों भाष्कर गंगोला पुत्र स्व. शेर सिंह गंगोला, निवासी कुमायूँ कालोनी, दमुवादूँगा, विजय सिंह मेहरा पुत्र प्रेम सिंह मेहरा, निवासी शर्मा बागनाथ कालोनी, काठगोदाम एवं लोकपाल सिंह मेहरा पुत्र चन्दर सिंह, निवासी शिवपुरी जवाहर ज्योति, चम्बल पुल को गिरफ्तार कर लिया गया।



# कुमाऊं कमिश्नर ने 'ग्रीन वॉकाथान' को दिखाई हरी झंडी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आयोजित श्ग्रीन वॉकाथानश दौड़ में प्रतिभाग किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्री रावत ने प्रकृति से जुड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रकृति के साथ जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि मानसिक सशक्तिकरण और पर्यावरणीय जागरूकता को भी बढ़ावा देते हैं। आयुक्त ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस आयोजन के माध्यम से समाज में फिटनेस और पर्यावरण के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित किया गया। इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



# सीएम आवास पर लोकगीतों और अबीर गुलाल के साथ मनी होली

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निजी आवास नगला तराई में होली पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने सपरिवार उपस्थित होल्यारों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने सभी को अबीर गुलाल लगाया और पर्व की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्यौहार हमारे जीवन में रंगों के साथ ही खुशहाली लेकर आता है। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए समाज में प्रेम सद्भाव और पारस्परिक सहयोग की भावना को सुदृढ़ बनाए रखने का आह्वान किया।आयोजित होली मिलन समारोह में विभिन्न समुदायों की महिलाओं द्वारा हिंदी कुमाऊंनी थारू एवं बंगाली लोक परंपराओं पर आधारित होली गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। विविध सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन में पारंपरिक लोकधुनों पर मुख्यमंत्री धामी भी होल्यारों के साथ झूमते नजर आए जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक उल्लासपूर्ण एवं आत्मीय हो उठा। स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़ चढ़कर सहभागिता की। यह आयोजन प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत विविधता में एकता तथा सामाजिक सहभागिता की भावना का जीवंत उदाहरण बना।समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी दर्जा राज्यमंत्री फरजाना बेगम अमित कुमार पांडे महासचिव रमेश चंद्र जोशी नंदन सिंह खड़ायत गम्भीर सिंह धामी दान सिंह रावत सतीश भट्ट जीवन धामी जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।













## लिटिल चैंपियंस स्कूल के नन्हे वैज्ञानिकों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। लिटिल चौंपियंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल दिनेशपुर में फेयर फेस्ट साइंस एग्जीबिशन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अरविंद पांडे ने फीता काटकर तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम में श्रीमती हीरा जनपंगी, शिवम शर्मा, लक्ष्मण कुनियाल, हिम्मत और मनोज कुमार सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए साइंस प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। बच्चों ने विज्ञान के विभिन्न विषयों पर मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों की घोषणा की। कक्षा छह की छात्रा कुमारी एंजल को सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट के लिए सर्वोत्तम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभिभावकों ने भी बच्चों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अपने बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल देखकर अभिभावक गर्व से भावुक नजर आए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की इस पहल को सराहनीय बताया।अतिथियों ने ऐसे रचनात्मक और शैक्षणिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रधानाचार्या और प्रबंधन समिति की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में प्रधाना चार्या अनीता त्रिपाठी ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर स्कूल प्रबंधक तरुण सिंह, कंचन कुनियाल, अनु गुलाटी, विपिन चंद्र, सूरज सामंत, रिया सिंह, कोमल बिष्ट, दीक्षा, रितु, विजय, लक्ष्मी, कुलविंदर, अंजली, मनीषा, पवन सिंह, सूरज जोशी, हिरणमय मुखर्जी, सलोनी कक्कड़, सिया फुटेला, जगराज सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, नेहा जोशी, प्रिंस रॉय और रविन्द्र वैद्य आदि लोग उपस्थित रहे।



## सीएम ने जरूरतमंदों को स्वयं परोसा भोजन

### थाल सेवा कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री ने की सेवा भाव की सराहना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी में आयोजित थाल सेवा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता करते हुए स्वयं थाल सेवक के रूप में जरूरतमंदों को भोजन परोसा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि थाल सेवा केवल भोजन वितरण का कार्यक्रम नहीं बल्कि सच्ची जनसेवा और मानवीय संवेदनाओं की जीवंत मिसाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार हेतु प्रदेश के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को इस सेवा से बड़ी राहत मिलती है। आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों के लिए यह पहल संबल का कार्य कर रही है तथा समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत कर रही है। उन्होंने थाल सेवा से जुड़े सभी स्वयंसेवकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सामाजिक पहलें समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं और सबका साथ सबका विकास की भावना को साकार करती हैं। टीम थाल सेवा के अध्यक्ष उमंग वासुदेवा ने बताया कि यह सेवा कई वर्षों से निरंतर संचालित की जा रही है जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री धामी द्वारा प्रत्येक माह एक दिन थाल सेवा के लिए सहयोग प्रदान किया जाता रहा है जिससे इस अभियान को निरंतरता और मजबूती मिली है। कार्यक्रम में टीम थाल सेवा के प्रतिनिधियों जनप्रतिनिधियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकोंकी गरिमामयी उपस्थिति रही। थाल सेवा का यह आयोजन सामाजिक सह भागिता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है।





## हिंदुओं की आस्था पर चोट बर्दाश्त नहीं: विकास शर्मा

### महापौर ने अटरिया मंदिर के सचिव अरविंद शर्मा को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अटरिया मंदिर परिसर के समीप नमाज अदा कर शहर का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ महापौर विकास शर्मा ने भी सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। इस पूरे प्रकरण में मंदिर की गरिमा और सनातन धर्म की मर्यादा की रक्षा के लिए आगे आए अटरिया मंदिर समिति के सचिव अरविंद शर्मा का महापौर विकास शर्मा ने अपने आवास पर स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। महापौर ने न केवल अरविंद शर्मा और उनकी टीम के साहस की सराहना की, बल्कि स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि रुद्रपुर की शांत फिजा में जहर घोलने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। महापौर ने इस घटना को एक गहरी सोची-समझी साजिश करार देते हुए कहा कि अटरिया मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि लाखों लोगों की अटूट श्रद्धा का केंद्र है, जहाँ इस प्रकार का कृत्य करना सीधे तौर पर धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश है। महापौर विकास शर्मा ने घटनाक्रम की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मंदिर सचिव अरविंद शर्मा तीन दिनों से उक्त व्यक्ति को वहां नमाज पढ़ने से लगातार मना कर रहे थे, इसके बावजूद बार-बार उसी स्थान पर आकर धार्मिक क्रिया कलाप करना यह सिद्ध करता है कि इसके पीछे कुछ अराजक तत्वों का हाथ है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि कुछ लोग अपने तुच्छ राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए शहर को दंगों की आग में झुलसाना चाहते हैं, जिन्हें बेनकाब करना नितांत आवश्यक है। महापौर ने बताया कि इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी विस्तार से वार्ता हुई है और मांग रखी है कि मामले की तह तक जाकर उन चेहरों को सामने लाया जाए जो पर्दे के पीछे से इस घिनौने खेल का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नमाज पढ़ने वाले व्यक्ति के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल खंगाली जाए ताकि उसके संपर्कों का खुलासा हो सके।महापौर ने कहा कि उत्तराखंड में धाकड़ धामी की सरकार है, जहाँ सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर कार्य होता है, लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि किसी को दूसरे की आस्था के साथ खेलने की छूट दे दी जाए। उन्होंने कहा कि जो लोग इस घटना के बाद आरोपी के समर्थन में सड़कों पर उतरे और विरोध प्रदर्शन कर दंगे भड़काने की धमकियां दीं, उन पर भी सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। अरविंद शर्मा के व्यवहार पर टिप्पणी करते हुए महापौर ने कहा कि मंदिर की मर्यादा पर प्रहार देख किसी भी सनातनी का आक्रोशित होना स्वाभाविक है; उन्होंने जो भी किया वह अपनी अपनी धार्मिक आस्था की रक्षा के लिए किया और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। महापौर ने अंत में संकल्प दोहराया कि रुद्रपुर की एकता को खंडित करने के किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने दिया जाएगा और सनातन धर्म की ध्वजा को झुकने नहीं देंगे।



## विधायक शिव के हस्तक्षेप के बाद बिजली विभाग का शटडाउन स्थगित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी होली पर्व और क्षेत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न हिंदू सम्मेलनों को देखते हुए विधायक शिव अरोरा के निर्देश पर विद्युत विभाग ने मरम्मत कार्य के लिए प्रस्तावित शटडाउन को स्थगित कर दिया है। विधायक ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, जिसके बाद विभाग ने आज के टडाउन को भी निरस्त कर दिया है।विधायक शिव अरोरा ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें निर्देशित किया कि मटकोटा और भदाईपुरा पावर हाउस में मरम्मत कार्य हेतु जारी शटडाउन के आदेश को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। उन्होंने कहा कि होली हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है और इस दौरान शहर की विभिन्न गलियों, बस्तियों और कॉलोनियों में होली मिलन कार्यक्रमों केसाथ-साथ भव्य हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में बिजली कटौती से इन कार्यक्रमों में खलल पड़ सकता है। विधायक के निर्देश पर एक्सईएन ने सहमति जताते हुए रूटीन शटडाउन को होली के बाद तक के लिए टाल दिया है।विधायक शिव अरोरा ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन कार्यक्रम मनाएं और हिंदू सम्मेलनों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी प्रमुख त्योहारों के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बिजली कटौती जैसी समस्याओं से जनता को परेशान न होना पड़े।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### सामाजिक सद्भाव

भारत में लोकतंत्र की परंपरा बहुत मजबूत रही है और यहां नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार संविधान के तहत मिला हुआ है। मगर इसके साथ ही कुछ जिम्मेदारियां भी अभिन्न हैं, जो आपस में मिल कर ही देश में सद्भाव और सहयोग पर आधारित समाज को जीवन देती हैं। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति की आजादी पर पूर्वाग्रह और महज धारणा पर आधारित राय हावी दिखती है और इसे किसी व्यक्ति या समुदाय को कठघरे में खड़ा करने का औजार बना लिया जाता है।अपनी प्रभावी संप्रेषण शक्ति और लोगों तक व्यापक पहुंच रखने वाले कला माध्यम के रूप में फिल्मों में अभिव्यक्ति के रचनात्मक पक्ष का इस्तेमाल करते हुए बड़े से बड़े प्रश्नों पर विचार किया जाता रहा है और इसे सभी स्तरों पर स्वीकार्यता भी मिलती रही है। मगर अफसोस की बात यह भी है कि इसी सुविधा का कई बार गलत फायदा भी उठाया जाता है। अभिव्यक्ति के नाम पर किसी फिल्म में परोसी गई कहानी के जरिए किसी समुदाय के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की जाती है।इसी तरह, कुछ नेता भी अपनी जिम्मेदारियों और सीमाओं को ताक पर रख कर बेहिचक ऐसे बयान देते हैं, जिससे अलग-अलग समुदायों के बीच द्वेष पैदा होता है। जबकि इसका नतीजा इस रूप में भी सामने आ सकता है कि अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भावना आधारित संवाद या संबंध पीछे छूट जाए।जाहिर है, देश को इसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं। शायद यही वजह है कि हाल ही में अपने शीर्षक की वजह से विवाद के घेरे में आई एक फिल्म पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए भाईचारा जरूरी है। इस मामले में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने अपने अलग फैसले में कहा कि सरकारी और गैरसरकारी सहित किसी भी जानी-मानी हस्ती और खासतौर पर ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य माध्यमों के जरिए किसी भी समुदाय को बदनाम करना, उस पर धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर निशाना साधना संविधान का उल्लंघन है। दरअसल, पिछले कुछ समय से देश भर में अलग-अलग संदर्भ में कुछ नेताओं के बयानों या फिल्मों ने कई बार विवाद की स्थिति खड़ी कर दी। सार्वजनिक रूप से वैसी बातें करने में भी संकोच नहीं किया गया, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं था, लेकिन उसने जन मानस के बीच राय बनाने में भूमिका निभाई। वे फिल्मों में चित्रित ब्योरे हों या किसी नेता का बयान, ऐसे अनेक मौके सामने आए, जब उसकी वजह से नाहक विवाद खड़ा हुआ, आपसी सद्भाव को नुकसान पहुंचा और यहां तक कि कोई खास समुदाय अपने आपको कठघरे में खड़ा या असुरक्षित महसूस करने लगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि सद्भावना और आपसी भाईचारा देश के संविधान के बुनियादी उद्देश्यों में से एक है। अनुच्छेद 51ए(ई) के तहत हर नागरिक का यह बुनियादी कर्तव्य है कि वह धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय विविधताओं की सीमा से अलग होकर नागरिकों के बीच सद्भावना और सहयोग को बढ़ावा दे। मगर धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र के आधार पर अगर किसी व्यक्ति या समुदाय को निशाना बनाया जाता है, तो यह संविधान और मानवीय मूल्यों का विरुद्ध है।

# राज्य में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर सभी जनपदों में होगी मॉक ड्रिल

देहरादून। राज्य में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से दिनांक 16, 17 तथा 18 मार्च 2026 को उत्तराखण्ड के सभी 13 जनपदों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह अभ्यास अलग-अलग तहसीलों में कराया जाएगा, ताकि जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील स्तर पर भी आपदा से निपटने की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और स्थानीय स्तर पर प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत किया जा सके।सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में आज बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी जनपदों के अधिकारियों के साथ मॉक ड्रिल की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जनपदों ने अपने-अपने संभावित सिनेरियो तथा चयनित स्थलों के बारे में जानकारी दी। सचिव श्री सुमन ने निर्देश दिए कि मॉक ड्रिल को वास्तविक परिस्थिति की तरह आयोजित किया जाए, ताकि अभ्यास के दौरान सही स्थिति सामने आ सके और तैयारियों का सही मूल्यांकन हो सके। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) द्वारा पूरे अभ्यास की निगरानी की जाएगी।सचिव श्री सुमन ने बताया कि अब यूएसडीएमए




स्वयं मॉक अभ्यासों को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सक्षम हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब जनपदों को भी इस स्तर तक सक्षम बनाया जा रहा है कि वे अपने संसाधनों के आधार पर नियमित रूप से मॉक ड्रिल कर सकें। इससे आपदा के समय त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभागीय समन्वय, राहत एवं बचाव दलों की त्वरित प्रतिक्रिया, उपलब्ध संसाधनों का उपयोग दक्षता से करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही संचार व्यवस्था, चेतावनी प्रणाली, राहत सामग्री की उपलब्धता और उपकरणों की कार्यशीलता की भी जांच मॉक ड्रिल में हो सकेगी।सचिव श्री सुमन ने कहा कि यूएसडीएमए जीरो डेथ के लक्ष्य को सामने रखकर कार्य कर रहा है। यदि पहले से तैयारी मजबूत हो और सभी विभाग मिलकर तेजी से काम करें, तो जनहानि को काफी हद तक रोका जा सकता है।मॉक अभ्यास के दौरान भूकम्प, वनाग्नि, भूस्खलन, अग्निकाण्ड, जलभराव, बाढ़, मानव-वन्यजीव संघर्ष, नाव पलटने की घटना, बादल फटना, जलाशय विस्फोट, औद्योगिक दुर्घटना, एवलांच, भगदड़ और नदी में डूबने जैसी संभावित घटनाओं पर आधारित सिनेरियो पर अभ्यास किया जाएगा। इन अभ्यासों में जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ, वन विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियां सक्रिय रूप से भाग लेंगी। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन श्री महावीर सिंह चौहान, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी श्री राजकुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी, एसडीआरएफ के डिप्टी कमाण्डेंट श्री सुभांग रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने वसंतोत्सव में सांस्कृतिक संध्या का किया शुभारंभ

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को लोक भवन में वसंतोत्सव 2026 के द्वितीय दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। कुमाऊँनी लोकनृत्य चांचरी, जौनसारी लोकनृत्य हारूल, गढ़वाली लोकनृत्य बाजूबंद, थारू लोकनृत्य तथा कुमाऊँनी होली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा और उत्साहपूर्ण प्रस्तुति से सांस्कृतिक संध्या को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की लोक परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और विविधता का सुंदर प्रदर्शन हुआ, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव संस्कृति युगल किशोर पंत, अपर सचिव राज्यपाल श्रीमती रीना जोशी, पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड दीपम सेठ, निदेशक उद्यान एस.एल. सेमवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# विधानसभा सत्र पर कांग्रेस की बयानबाजी पर बीजेपी का पलटवार

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्ष पर लगाया जनहित के मुद्दों पर चर्चा न करने का आरोप, जनता करेगी जीरो

देहरादून। विधानसभा सत्र को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा ने तीखा जवाब दिया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पिछले चार सालों में सदन विपक्षी हंगामों का गवाह रहा है। ऐसे में आवाज दबाने, सत्रावधि कम होने या बजट प्रस्तुतिकरण को लेकर बहानेबाजी अब नहीं चलने वाली। उन्होंने कांग्रेस विधायकों को नसीहत दी कि सत्र में हंगामा करने के बजाय जनहित के मुद्दों की तैयारी करें, अन्यथा 2027 की परीक्षा में इस बार जीरो नंबर आना तय है। महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस के सत्र संबंधी बयानों को तथ्यहीन और बेबुनियादी बताया। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस और विपक्षी विधायकों का पिछले चार साल का रिकॉर्ड देखा जाए तो वह हंगामों और असंवैधानिक कृत्यों से भरा पड़ा है। जो आज सदन में विपक्ष की आवाज दबाने की बात कर रहे हैं, वही विधायक जब-जब चर्चा का अवसर मिला, सदन को बंधक बनाने की कोशिश करते रहे। जब चर्चा रोकना संभव नहीं हुआ तो सदन से वॉकआउट कर भाग गए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का रवैया कभी भी एक जिम्मेदार विपक्ष जैसा नहीं रहा। जनता की समस्याएं और मुद्दे उठाने के बजाय उनके विधायकों का फोकस केवल मीडिया की सुर्खियों में बने रहने पर रहता है। पिछले सत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तब कांग्रेस विधायकों ने सभी संवैधानिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया था, जब कुछ विधायक सदन में ही कंबल ओढ़कर सोते हुए पाए गए थे। भट्ट ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस को पांच नहीं



बल्कि पचास दिन का सत्र भी दे दिया जाए, तब भी वह जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने शानदार कार्य कर जनता का विश्वास जीता है। शायद ही कोई विषय हो जिस पर सरकार की मंशा स्पष्ट न हो, जबकि विपक्ष खुद कन्फ्यूजन में रहता है। इसी वजह से कांग्रेस बहस से भागकर हंगामे का रास्ता अपनाती है, ताकि उसकी पोल न खुले। कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए स्थानीय विधायक ही नहीं, बल्कि उनका आलाकमान भी जिम्मेदार है। जब गांधी परिवार संसद में इसी तरह का आचरण करता है तो राज्यों में भी वही परंपरा अपनाई जाती है। उन्होंने कहा कि संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अक्सर बहस से बचते हैं, कभी विदेश चले जाते हैं और जब शामिल होते हैं तो असंवैधानिक भाषा और अपुष्ट तथ्यों के साथ हंगामा खड़ा कर देते हैं। महेंद्र भट्ट ने सुझाव दिया कि कांग्रेस को सत्र की समय-सीमा, बजट प्रक्रिया और सरकार के जवाबों की चिंता छोड़कर अपने सवालों और विषयों की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता बहुत समझदार है और 2027 में फिर से परीक्षक की भूमिका में होगी। कहीं ऐसा न हो कि पिछली बार 23 नंबर से फेल हुई कांग्रेस को इस बार जनता पूरी तरह जीरो न कर दे।

# जलवायु परिवर्तन एवं फसल स्वास्थ्य प्रबंधन पर प्रशिक्षण संपन्न

पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विज्ञान विभाग में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित 21-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'जलवायु परिवर्तन से फसलों में हो रही स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तथा उनका प्रबंधन' विषय पर आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण का समापन समारोह पादप रोग विज्ञान विभाग के आर. एस. सिंह सभागार में संपन्न हुआ।समापन समारोह में विभागाध्यक्ष एवं निदेशक, उच्च संकाय प्रशिक्षण केंद्र, योगेन्द्र सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत आख्या प्रस्तुत की और 21 दिनों तक चली विभिन्न गतिविधियों व सत्रों से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिष्ठाता कृषि सुभाष चन्द्रा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पादप रोगों में भूमि जनित रोगों का महत्वपूर्ण स्थान है और इनका प्रबंधन करना एक अत्यंत कठिन कार्य है। उन्होंने पारिस्थितिकी संतुलन के महत्व पर बल देते हुए इसे भूमि जनित कारकों के प्रबंधन में अनिवार्य बताया।सुभाष चन्द्रा ने जैविक नियंत्रकों को सिंचाई जल में मिश्रित कर श्बायोफर्टिगेशनश प्रयोग करने की तकनीक को पॉलीहाउस में उगाई जाने वाली फसलों के लिए बेहद प्रभावी बताया। उन्होंने वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि उन्हें भूमि-पारिस्थितिकी के सुधार के संबंध में गंभीरता से विचार करना होगा और अपने शोध को प्रयोगशाला से निकालकर किसानों के खेतों तक पहुँचाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के खेतों पर किए गए कार्यों को आँकड़ों के रूप में संकलित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के 8 विभिन्न राज्यों से आए 21 वैज्ञानिकों व प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया। मध्य प्रदेश से आए दिनेश कुमार, कमल किशोर सैनी एवं बृजनन्दन सिंह तथा असम से आई बन्दना सेकिया ने अपने विचार साझा करते हुए इस प्रशिक्षण को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उपयोगी बताया। कार्यक्रम के दौरान पादप रोग विज्ञान विभाग के समस्त वैज्ञानिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा कामाक्षी कांडपाल ने किया तथा सह-समन्वयक दीपशिखा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।





# अपराधियों के लिए शरणगाह बन रहा देहरादून, राठी गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड अपराधियों के लिए शरणगाह बनता जा रहा है। अपराधियों के लिए देहरादून अब सुरक्षित ठिकाना सा ही बन गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि पुलिस ने कुख्यात सुनील राठी गैंग के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। बता दें ये कोई पहला मामला नहीं है। पुलिस रिकॉर्ड बताता है कि राज्य गठन से पहले भी उत्तराखंड अपराधियों की पनाहगाह रहा है।राजधानी देहरादून दूसरे राज्यों के हिस्ट्रीशीटर्स का ठिकाना बनता जा रहा है। जो शहर कभी अपनी खूबसूरती, शांति और शिक्षा के लिए जाना जाता था, वो शहर आज धीरे-धीरे क्राइम कैपिटल बनता जा रहा है। देहरादून में हाल के दिनों में सामने आई घटनाओं ने ना सिर्फ पुलिस प्रशासन, खुफिया एजेंसियों के माथे पर बल ला दिया है बल्कि शहरवासियों की टेंशन भी बढ़ा दी है। क्योंकि अब जो दून पुलिस ने खुलासा किया है वो ये बताने के लिए काफी है कि राजधानी देहरादून दूसरे राज्यों के हिस्ट्रीशीटर्स के लिए सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। अपराधी शहर में सक्रिया हैं, लग्जरी कार, टप्च नंबर के साथ घुम रहे हैं। उन्हें देखकर ये बता पाना भी मुश्किल है कि ये हिस्ट्रीशीटर है। खुद पुलिस को भी नहीं मालूम की देहरादून में कितने अपराधी किस्म के लोग शरण लिए हुए हैं। बता दें हाल ही में एसटीएफ और दून पुलिस ने पौड़ी जेल में बंद कुख्यात सुनील राठी गैंग के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में पारस, पहले मुख्तार अंसारी और संजीव जीवा गैंग का शूटर रह चुका है। पुलिस के अनुसार दोनों की मौत के बाद पारस भानू के संपर्क में मुजफ्फरनगर जेल में आया और सुनील राठी गैंग में शामिल हो गया। जेल से



बाहर आने के बाद दोनों सुनील राठी के लिए राजधानी देहरादून और हरिद्वार की बेशकीमती विवादित जमीनों में दखल देखकर उगाई करने लगे। जांच में यह भी पता चला कि भानु चौधरी और पारस समय-समय पर जेल में सुनील राठी से मिलने जाते थे और सुनील राठी के नाम की धमकी देकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में जमीन के विवादित झगड़ों को सुलझाते थे। बदले में वे मोटी रकम वसूलते थे। पुलिस को आशंका है कि आरोपी दून में भी रंगदारीया फिर किसी अपराध की साजिश को गढ़ रहे थे। ऐसा नहीं है कि ये कोई पहला मामला है। जिसके खुलासे ने पुलिस अधिकारियों की टेंशन को बढ़ाया है। इससे पहले देहरादून के सिल्वर सिटी मॉल के बाहर हुई कुख्यात गैंगस्टर की हत्या ने भी खाकी की इकबाल पर सवाल उठाए थे। एक के बाद एक मामले ये सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि क्या उत्तराखंड अपराधियों की शरणगाह बनता जा रहा है और पुलिस बेखर है। पुलिस रिकॉर्ड बताता है कि राज्य गठन से पहले भी उत्तराखंड अपराधियों की पनाहगाह रहा है। बता दें मुन्ना बजरंगी जिसका असली नाम प्रेम प्रकाश था 80 के दशक में आतंक का दूसरा नाम मुख्तार अंसारी का करीबी था। बागपत जेल में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप गैंगस्टर सुनील राठी पर लगा था। इसके अलावा 90 के दशक का रमेश यादव, जिसके अपराधों ने उत्तर प्रदेश को हिलाकर रख दिया था। इन सभी ने भी उत्तराखंड में पनाह ली थी। ये वो नाम है जो बंदूक के साथ खिलौनों की तरह खेला करते थे। कई अपराधियों के नाम अब भी गुमनाम है। हालांकि अब लग रहा है कि दून पुलिस इन घटनाओं से सबक ले रही है तभी पुलिस खुफिया निगरानी बढ़ाने का दावा कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि सत्यापन अभियान को और तेज किया जा रहा है। देहरादून को किसी भी सूरत में अपराधियों का शरणगाह बनने नहीं दिया जाएगा।

# कच्ची शराब के विरुद्ध पुलिस का बड़ा प्रहार, 6 भट्टियां जमींदोज

## विशेष अभियान में 401 लीटर शराब जब्त, 27 हजार लीटर लहन नष्ट

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति द्वारा जनपद में अवैध कच्ची शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे एक सप्ताह के विशेष अभियान के तहत पुलिस ने व्यापक कार्रवाई की है। एसएसपी के सख्त निर्देशों के अनुपालन में 1 मार्च 2026 को पुलिस टीमों ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापेमारी की, जिससे शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। अभियान के तहत पुलिस ने अवैध भट्ठियों को जमींदोज करने के साथ ही भारी मात्रा में शराब और लहन बरामद किया है। जनपद भर में हुई थाना-वार कार्रवाई का विवरण इस प्रकार है कि कोतवाली बाजपुर में पुलिस ने 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर 21 लीटर शराब बरामद की और 4 अवैध भट्ठियां व 17,000



लीटर लहन नष्ट किया। वहीं कोतवाली गदरपुर में 3 अभियोग दर्ज कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जहाँ पुलिस ने 80 लीटर शराब बरामद करने के साथ ही 2 भट्ठियां और 10,000 लीटर लहन नष्ट किया। इसके अतिरिक्त कोतवाली किच्छा में सघन चेकिंग के दौरान 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 66 लीटर शराब और 1 वाहन जब्त किया गया, जबकि कोतवाली सितारगंज में 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 45 लीटर शराब और 1 वाहन बरामद किया गया। इसी क्रम में कोतवाली नानकमत्ता में 2 अभियुक्तों से 55 लीटर शराब, कोतवाली पंतनगर में 1 अभियुक्त से 22 लीटर शराब, कोतवाली ट्रांजिट कैंप में 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर 28 लीटर शराब जब्त की गई। कोतवाली काशीपुर में 2 अभियुक्तों से 33 लीटर, कोतवाली खटीमा में 2 अभियुक्तों से 21 लीटर, थाना दिनेशपुर में 1 अभियुक्त से 10 लीटर और कोतवाली कुंडा में 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर 20 लीटर शराब बरामद की गई। जनपद पुलिस द्वारा की गई इस व्यापक कार्रवाई में कुल 20 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं और 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कुल 401 लीटर कच्ची शराब और 2 वाहन जब्त किए हैं, जबकि 6 अवैध भट्ठियों को नष्ट कर 27,000 लीटर से अधिक लहन मौके पर ही बहा दिया गया है। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।



## पेज एक का शेष...

**लोक संस्कृति और पर्व हमारी...**हम अपनी लोक संस्कृति को केवल उत्सवों तक सीमित न रहने दें बल्कि उसे अपने जीवन का हिस्सा बनायें। विशेष रूप युवा पीढ़ी आधुनिकता को अपनायें लेकिन अपनी जड़ों से भी जुड़ाव रखें। अपनी परंपराओं को जानें उनको औपचारिक ना मानकर उन पर गर्व करना सीखें। सीएम ने कहा कि काशीपुर क्षेत्र के विकास के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। काशीपुर में 133 एकड़ क्षेत्र में ईलेक्ट्रोनिक पार्क पार्क बनाया जा रहा है जिसमें हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। काशीपुर में कई बड़े प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ाये जा रहे हैं। काशीपुर किसी भी मामले में पीछे नहीं रहेगा। चैती मंदिर को मानस खण्ड कॉरिडोर में शामिल कर उसे विकसित करने का भी काम किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि काशीपुर आस्था की नगरी के रूप में भी अपनी अलग पहचान बनाये। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड आज हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। उत्तराखण्ड ने विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। रंगोत्सव कार्यक्रम में उत्तराखंड की लोक-संस्कृति को आगे बढ़ाते आ रहे लोक गायक इंद्र आर्या, गोविंद दिगारी, खुशी जोशी, पूर्वांचल के गायक आलोक कुमार के अतिरिक्त फूलों की होली के लिए विख्यात ब्रज के रास कलाकारों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की गरिमामय उपस्थिति में सुन्दर व मनोहारी प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर लिया । रंगोत्सव कार्यक्रम में हजारों की तादाद में उमड़े जन समुदाय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में अबीर गुलाल उड़ाकर उनका जोरदार अभिनंदन किया। आयोजन के दौरान सांसद अजय भट्ट, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, जसपुर के पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, रुद्रपुर महापौर विकास शर्मा, महापौर दीपक बाली, जिलाध्यक्ष भाजपा काशीपुर मनोज पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, दर्जा राज्य मंत्री अनिल डब्बू, मुकेश कुमार, सायरा बानो, जिला प्रभारी भाजपा पुष्कर सिंह काला, प्रदेश मंत्री भाजपा गुंजन सुखीजा, पीसीयू अध्यक्ष राम मेहरोत्रा, ब्लॉक प्रमुख काशीपुर चंद्रप्रभा, पूर्व प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, आशीष गुप्ता, उषा चौधरी, पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, उर्वशी बाली,अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसएसपी अजय गणपति व सीडीओ देवेश शासनी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों में पंकज टंडन, अमन बाली, राजू सेठी, प्रमोद मिश्रा, महेश अग्रवाल, मुक्ता सिंह, संजय अग्रवाल, अश्वनी छाबड़ा विकास जिंदल समेत बड़ी संख्या में सामाजिक व व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोगों के अलावा स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। काशीपुर के इतिहास में निगम प्रशासन द्वारा होली के मौके पर यह पहला अवसर है जब इतने बृहद स्तर पर रंगोत्सव मनाया गया। पखवाड़े भर पूर्व से इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही थी। रंगोत्सव में शामिल होने के लिए काशीपुर नगर क्षेत्र के हजारों परिवारों को निगम प्रशासन द्वारा बाकायदा आमंत्रण पत्र भेजा गया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले आगंतुकों के लिए दोपहर भोज की विशेष व्यवस्था की गई थी।

**मेरा खटीमा आना...**इंटर कॉलेज के दिनों में वे अपने गांव तराई नगला से मात्र दस मिनट में साइकिल से खटीमा पहुंच जाते थे। मजाकिया अंदाज में उन्होंने एक घटना भी सुनाई कि उस समय उनकी साइकिल चोरी हो गई थी। जब वे इसकी शिकायत लेकर थाने पहुंचे तो कोतवाल ने उन्हें थाने में मौजूद एक साइकिल दे दी।अपने पूरे संबोधन में मुख्यमंत्री धामी ने खटीमा वासियों को गुदगुदाने के साथ-साथ क्षेत्र की नब्ज को छूने का काम भी किया।

# ज्योति अधिकारी से बोले सीएम धामी मेरी छोटी बहन की तरह हैं आप!

हल्द्वानी। सोशल मीडिया पर की गई कथित अमर्यादित बोल को लेकर विवादों में घिरी व्लॉगर ज्योति अधिकारी ने हाल में ही मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। इस दौरान व्लॉगर ने सीएम से माफी मांग कर अपने ऊपर लगे मुकदमों को वापस लेने की मांग की। जानकारी के अनुसार व्लॉगर ने सीएम से कहा मैंने कोई आपके लिए वीडियो नहीं बनाई थी। लोगों ने मेरी वीडियो को अपने चैनल में चलाया। मैंने जो भी कहा नादानी में कहा है। उसके लिए मुझे क्षमा करें। अब सीएम धामी ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ज्योति अधिकारी को छोटी बहन सा दुलार देकर मुकदमे वापस लेने का आश्वासन दिया। सीएम ने ज्योति अधिकारी से कहा कि 'जहां मेरी जरूरत पड़ेगी मैं बड़े भाई के रूप में साथ रहूंगा।



आप पर लगे मुकदमें जल्द ही वापस लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी धामी ने ज्योति अधिकारी से कहा कि 'तुम बहुत ऊर्जावान हो, सही मुद्दों को सही तरीके से सामने रखो। पहाड़ की बहन-बेटियों के लिए, पहाड़ के लिए अच्छी आवाज उठाती हो पर उन्हें सामने रखने का तरीका शालीन होना चाहिए। बता दें व्लॉगर ज्योति अधिकारी बीते कुछ दिनों पहले अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए देहरादून में आयोजित रैली में शामिल हुई थी। जिसमें उन्होंने दरांती लहराते हुए कहा था कि अब "ये दरांती न्याय करेगी।" इसके साथ ही उन पर आरोप लगे थे कि उन्होंने कुमाऊंनी महिलाओं के साथ ही उत्तराखंड के देवी देवताओं को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणी कर सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी थी। वहीं कुछ लोगों ने ज्योति अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के लिए पुलिस को तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज कराया। उनके खिलाफ हल्द्वानी समेत कई जगहों पर सात मुकदमे दर्ज हुए. जिनमें से उनको दो मुकदमों में जेल भी जाना पड़ा. बाकि, पांच मुकदमों में 20 जनवरी को उच्च न्यायालय ने सुनवाई के बाद उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी में ज्योति को कोर्ट से बेल मिल गई। हांलाकि ज्योति अधिकारी ने लोगों से सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी थी।

**रंजिशन युवक को ...**आशीष श्रीवास्तव व उसका छोटा भाई अंकित श्रीवास्तव वहां पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। सन्नीया द्वारा चलाई गई गोली सीधे रवि के पेट में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर गया।इतना ही नहीं, हमलावरों ने घायल रवि पर धारदार हथियारों, लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर उसके हाथ-पैर भी तोड़ दिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी रवि को मृत समझकर मौके से फरार हो गए। शोर मचने पर रवि के दोस्त संजू और विचित्र उसे कार से रम्पुरा चौकी ले गए, जहां से पुलिस की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया है। पीड़ित के भाई ने बताया कि रवि को पिछले कुछ दिनों से मोबाइल पर जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं, जिसकी सूचना पूर्व में रम्पुरा चौकी को भी दी गई थी। घटना के दौरान रवि का मोबाइल और सोने की चौन भी गायब हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**धोखे से बुलाकर...** बाद फिर फोन आया कि लड़के दुकान का शटर तोड़ रहे हैं जल्दी आ जाओ। मामले की जानकारी लेने जब दुकानदार परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा तो वहां मौजूद युवकों से उनका विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई और एक दूसरे पर जानलेवा हमला करने लगे । इस घटना में दोनों पक्षों के कुछ लोगों को गंभीर चोटें आ गई। सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया और मामले की जानकारी रम्पुरा चौकी पुलिस को दी गई। घायलों सुभाष कालोनी निवासी मो. आरिफ, उसका भाई मो. आसिफ, मो. अमान आदि सहित कई महिलाएं भी शमिल हैं। एक पक्ष द्वारा घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट करने के आरोप लगाये जा रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षो की ओर से पुलिस को तहरीर देने की तैयारी की जा रही थी।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 31 मई तक संचालित किया जाएगा एचपीवी टीकाकरण अभियान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देशभर में बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान की आधिकारिक शुरुआत अजमेर राजस्थान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने के बाद जनपद में भी शुक्रवार से इसका विधिवत शुभारंभ हो गया। यह विशेष अभियान 31 मई तक संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन लगाई जाएगी।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केके अग्रवाल ने बताया कि जनपद को राज्य स्तर से 17,380 डोज प्राप्त हुई हैं। जिले में 16 सेशन साइट चिन्हित की गई हैं, जहां प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में टीकाकरण किया जाएगा। उन्होने बताया कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है और समय पर टीकाकरण से इस बीमारी से प्रभावी बचाव संभव है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ डीपी सिंह तथा उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी प्रदीप मेहर ने कहा कि सभी सेशन स्थलों पर कोल्ड चेन व्यवस्था, प्रशिक्षित स्टाफ और आवश्यक चिकित्सीय प्रबंधन सुनिश्चित किया गया है।पं0 राम सुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित भव्य कार्यक्रम के साथ अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, छात्राओं और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।कार्यक्रम में अंजली, सलोनी, राधा, राधिका, प्रिया, नैना, पूनम जोशी, गीता, प्रीति, माही सैनी, नीलम और अंशु सहित अनेक बालिकाओं ने टीका लगवाकर अभियान का शुभारंभ किया। बालिकाओं ने कहा कि यह टीका उन्हें भविष्य में गंभीर बीमारी से सुरक्षा देगा और वे अन्य बालिकाओं से भी आगे आने की अपील की हैं। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य निधारित समयसीमा में अधिकतम पात्र बालिकाओं को टीकाकरण से आच्छादित करना है, ताकि भविष्य में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में जनपद ऊधमसिंहनगर एक सशक्त उदाहरण बन सके।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अजमेर राजस्थान से (सर्वाइकल कैंसर) एचपीवी नि:शुल्क टीकारण का शुभारम्भ के अवसर पर पं0 राम सुमेर शुक्ल मेडिकल कालेज में लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल सम्बोधन को उपस्थित जनसमूह ने ध्यानपूर्वक सुना। सभी वक्ताओं ने अभिभावकों से अपील की कि वे भ्रांतियों से दूर रहकर अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण कराएं और इस जनहितकारी अभियान को सफल बनाएं।इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेश परिहार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना, डॉ. एमके तिवारी, डॉ. नम्रता त्रिपाठी, डॉ. मधु माथुर, संजय रावत, डॉ हरेंद्र मलिक, रक्षित विष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु मस्युनी, दानसिंह भण्डारी एवं प्राचार्य उषा रावत आदि उपस्थित थे।




# स्टेट पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन

## बाल संरक्षण आयोग के सदस्य दीपक गुलाटी ने विजेताओं को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड स्टेट पैरालंपिक एसोसिएशन एवं डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित स्टेट पैरा बैडमिंटन चौंपियनशिप एवं चयन ट्रायल





2026 का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बाल संरक्षण आयोग के सदस्य दीपक गुलाटी, नगर निगम रुद्रपुर के पूर्व महापौर रामपाल सिंह और डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ उपस्थित रहे।अतिथियों ने चयनित एवं विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीपक गुलाटी ने कहा कि पैरा खिलाड़ी कठिन परिस्थितियों में भी अनुकरणीय प्रदर्शन कर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस चौंपियनशिप के माध्यम से चयनित खिलाड़ी 6 से 10 मार्च को तेलंगाना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चौंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में गर्वित यादव, गौरव पांड्या, शुभेंदु मन्ना, कुंदन सिंह भंडारी, विनोद रावत, गौरव नयाल, शरद जोशी, रोहित कार्की, नवनीत पैन्यूली, अजीत सिंह, शिवांगी पांडे, तरुण सिंह, प्रेमा विश्वास, कमाल हसन, रवि पाल, चिराग बरेठा, हर्षित राजपूत और उमा सरकार शामिल हैं। कार्यक्रम में पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की सचिव श्रीमती अमिता, एनआईएस कोच प्रेम कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जानकी कार्की, गोविंद परिहार, रघुनाथ विश्वास, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रीति गोस्वामी सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। संयोजक हरीश चौधरी द्वारा सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# लटूरिया आश्रम हुआ फूलों की होली से सराबोर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बरेली रोड़ स्थित श्री लटूरिया महाराज आश्रम में शनिवार को फागोत्सव की धूम रही। हरि खेल रहे ब्रज में होरी..., कौन गांव के कृष्ण कन्हैया..., होली खेलें चारों भइया..., और होरी खेले रघुवीरा अवध में... आदि होली गीतों के बीच लोगों ने होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। भजन मंडली की ओर से वाद्ययंत्रों की धुन के बीच होली गीतों पर लोग जमकर थिरकते नजर आए।राधा-कृष्ण के सुंदर स्वरूप में सजे कलाकारों के साथ फूलों की



होली का भी आयोजन हुआ। इस दौरान भक्तों पर अबीर-गुलाल और फूलों की वर्षा की गई। भक्तों की भीड़ के बीच लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। देर शाम तक चले आयोजन के बाद आरती हुई और फिर प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में डॉ. एससी अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विपिन गुप्ता, राजीव अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, नीरज प्रभात, राधेश्याम, विजय अग्रवाल, भोला केसरवानी आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।

# अटरिया मंदिर के पुजारी पर दिनेशपुर थाने में केस दर्ज

## पूर्व पत्नी ने लगाया जान से मारने की धमकी का आरोप

दिनेशपुर। रूद्रपुर के अटरिया मंदिर के पास नमाज अदा कर रहे बुजुर्ग पर बीते दिनों हमला करने के आरोपी अटरिया मंदिर के पुजारी अरविंद शर्मा के खिलाफ दिनेशपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। यह मुकदमा अरविंद शर्मा की पूर्व पत्नी और अधिवक्ता सरिता सक्सेना की ओर से दर्ज कराया गया है, जिसमें उन्होंने पुजारी और उसकी वर्तमान पत्नी और बदमाशों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता सरिता सक्सेना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका विवाह अरविंद शर्मा पुत्र भोलानाथ शर्मा निवासी रम्पुरा रुद्रपुर के साथ संपन्न हुआ था, लेकिन वर्तमान में अरविंद ने दूसरा विवाह कर लिया है और खुशबू नामक महिला के साथ रह रहा है। सरिता ने पुजारी अरविंद शर्मा को आपराधिक प्रवृत्ति का बताते हुए कहा कि वह हत्या के मामले में आजीवन कारावास से दंडित है और माननीय उच्च न्यायालय से अपील में जमानत पर है। तहरीर के अनुसार, पुजारी अरविंद शर्मा द्वारा अटरिया मंदिर के पास नमाज पढ़ रहे बुजुर्ग को लात-घूसों से बुरी तरह पीटने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद, सरिता ने इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए स्थानीय समाचार चौनलों को इंटरव्यू दिया था। सरिता का आरोप है कि इंटरव्यू वायरल होने के बाद पुजारी अरविंद शर्मा ने 25 फरवरी 2026 की रात्रि करीब 10:22 बजे उनके मोबाइल नंबर पर अपने नंबर से फोन किया और सरेआम गोली मार देने की धमकी दी। तहरीर में यह भी कहा गया है कि अरविंद शर्मा, उसकी वर्तमान पत्नी खुशबू और उसके बदमाश साथी लगातार सरिता को धमकियां दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 2 मार्च को प्रदोष काल में होगा होलिका दहन

## 3 मार्च को चंद्रग्रहण, शाम 7 बजे बाद खुलेंगे मंदिरों के कपाट

रुद्रपुर। श्री सनातन धर्म सभा (रजि) रुद्रपुर के अध्यक्ष एडवोकेट महेश बब्बर ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 में पंचांग दिवाकर के अनुसार होलिका दहन 02 मार्च 2026, सोमवार को प्रदोष काल में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 03 मार्च 2026, मंगलवार को चंद्रग्रहण रहेगा, जिसका समय दोपहर बाद 03 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ होकर 06 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। चंद्रग्रहण का सूतक प्रात: 06 बजकर 20 मिनट से प्रभावी




हो जाएगा। एडवोकेट बब्बर ने बताया कि ग्रहण सूतक काल से लेकर ग्रहण मोक्ष काल तक देव मंदिरों के कपाट दर्शनार्थियों के लिए बंद रहेंगे। श्रद्धालु शाम 07 बजे के बाद ही मंदिरों में देव दर्शन कर सकेंगे।उन्होंने आगे बताया कि होली का रंगोत्सव (रंग होली) 04 मार्च 2026, बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सभा ने सभी श्रद्धालुओं से पंचांग के अनुसार पर्व मनाने तथा धार्मिक नियमों का पालन करने की अपील की है।